बहु-सांस्कृतिक तथ्यपत्र

ऍडल्ट लर्न टु स्विम

आपके स्थानीय स्वीमिंग पूल पेश करते हैं 'ऍडल्ट लर्न टु स्विम' प्रोग्राम जो विभिन्न समुदायों की खास जरूरतों को पूरा करता है। आपकी आरंभिक सहायता के लिए, कुछ तथ्य नीचे दिए जा रहे हैं।

कई वयस्क लोगों के लिए, केवल किसी जलाशय के पास होना नकारात्मक भावनाएं उत्पन्न करता है जिनमें बेचैनी से लेकर शक्तिहीन कर देने वाला डर तक शामिल है, केवल इसलिए क्योंकि उन्होंने कभी तैरना नहीं सीखा।

ऐसे देशों से आकर यहां बसना जहां तैराकी को कोई प्राथमिकता नहीं दी जाती, पूल तक पहुंच प्राप्त करने में कठिनाई या शारीरिक अक्षमता कुछ कारण हैं जिनके फलस्वरूप लोग तैराकी की कुशलताएं प्राप्त किए बिना ही वयस्क हो जाते हैं।

इससे आपके जीवन की गुणवत्ता प्रभावित हो सकती है, और माता-पिता एवं दादा-दादी के लिए इसका यह मतलब भी है कि वे पानी में तैरते अपने बच्चों की सुरक्षित निगरानी नहीं कर सकते। अच्छी बात यह है कि तैरना कभी भी सीखा जा सकता है। और जीवन की वयस्क अवस्था में तैराकी शिक्षण में जाना हर तरह से लाभदायक है।

अपना स्थानीय स्विमिंग पूल खोजने के लिए QR कोड को स्कैन करें

तैराकी शिक्षण कब आयोजित किए जाते हैं?

तैराकी एवं जल-सुरक्षा शिक्षण आम तौर पर 30-45 मिनट के होते हैं जिनका आयोजन स्कूल-अवधि में या स्कूल की छुट्टियों के दौरान विशेष प्रोग्राम के रूप में किया जाता है। अक्सर दिन के समय या शाम को भी शिक्षण लेने के विकल्प उपलब्ध हैं।

क्या यह सुरक्षित है?

तैराकी सिखाने वाला हर शिक्षक अत्यंत सुयोग्य है और लाइफगार्ड्स हमेशा मौजूद रहते हैं, इसलिए आप सुरक्षित रहेंगे। तैराकी सीखना हर उम्र के लोगों के लिए एक मनोरंजक अनुभव होता है!

शुल्क क्या हैं?

प्रत्येक स्वीमिंग पूल पर शुल्क अलग-अलग हैं लेकिन सामान्यत: वे $15 से $25 के बीच हैं जो इस बात पर निर्भर है कि प्राइवेट शिक्षण दिए जा रहे हैं या ग्रुप में।

क्या प्रार्थना करने की कोई जगह है?

ज्यादातर पूलों पर प्रार्थना कक्ष नहीं होते। आपके विकल्प क्या हो सकते हैं यह जानने के लिए स्टाफ से चर्चा करें।

जब आप स्थानीय तैराकी केंद्र जाएं या उनसे सम्पर्क करें तो उनसे निम्नांकित प्रश्न पूछें:

- मैं आपके पास वयस्क क्लासेज या केवल महिलाओं के लिए क्लासेज उपलब्ध हैं?
- मैं कब बुकिंग कर सकता हूं?
- यदि मैं कोई शिक्षण में न आ सकूं तो क्या होगा?
- मैं शिक्षण के लिए फिर से बुकिंग कैसे कर सकता हूं?
- शुल्क क्या है?
- शुल्कों में क्या-क्या शामिल हैं?
- क्या भुगतान के कोई विकल्प हैं?
- मुझे कैसी तैराकी-पोशाक पहननी चाहिए?
- मैं क्या-क्या सीखने की उम्मीद कर सकता हूं?
- क्या आप जल-सुरक्षा पर ध्यान देते हैं?
- क्या आप सांस्कृतिक रूप से सक्षम केंद्र हैं?
- क्या मैं आपके सुविधा-केंद्र का भ्रमण कर सकता हूं?

अधिक जानकारी के लिए कृपया इस वेबसाइट पर जाएं:

drowningprevention.org.au/multiculturalcommunities

ROYAL LIFE SAVING
NEW SOUTH WALES

NSW
GOVERNMENT